Thirteenth Loksabha

Session : 13
Date : 06-08-2003

Participants : Jaiswal Shri Shriprakash

Title : Need to ensure early election to Cantonment Boards.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, देशभर के निर्वाचित केन्टोनमैंट बोर्ड के निकायों को भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के द्वारा भंग कर दिया गया है तथा इसके पूर्व निर्वाचित निकायों की अवधि अध्यादेशों के द्वारा एक र्वा के लिए बढ़ा दी गई थी। निर्वाचित निकायों के भंग होने के कारण वर्तमान समय में छावनी बोर्डों के सरकारी अधिकारियों का शासन निरंकुश ढंग से चल रहा है। जनप्रतिनिधियों के अभाव में गृह कर एवं जल कर में मनमाने ढंग से बढ़ोत्तरी की जा रही है।

इसके अतिरिक्त बहुत सारे ऐसे निर्णय जिनका जनहित में लिया जाना अनुचित है, निर्वाचित प्रतिनिधियों के अभाव में लिए जा रहे हैं। भारत सरकार का कथन है कि छावनी बोर्डों के एक्ट में संशोधनों के बाद ही चुनाव करवाए जा सकते हैं परन्तु